<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा के सीएमडी ने सतर्कता जर्नल 'पहल' का अनावरण किया

नई दिल्ली, 25 जनवरी 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज सतर्कता विभाग की व्यावहारिक गृह पत्रिका 'पहल' का अनावरण किया। यह अनावरण समारोह नई दिल्ली में इरेडा के पंजीकृत कार्यालय में हुआ, जहां मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार साहनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस अनावरण समारोह के दौरान, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने 'पहल' में कर्मचारियों और बच्चों की बढ़ती भागीदारी के संभावित प्रभाव के बारे में प्रकाश डालते हुए इस पहल के प्रति अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लेखों और कविताओं जैसे अपने योगदानों के माध्यम से बच्चों के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया, जोकि नवीकरणीय ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

श्री दास ने कहा कि, "हमारा मानना है कि सतर्कता जर्नल में हमारे कर्मचारियों और उनके बच्चों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने से न केवल जागरूकता बढ़ेगी बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के बारे में और अधिक गहरा प्रभाव पड़ेगा।"

यह इरेडा द्वारा पारदर्शिता, जवाबदेही और नवीकरणीय ऊर्जा पहल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।